भारत सरकार

ग्रामीण विकास मंत्रालय

ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 687

(03 फरवरी, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए)

दिशा डैशबोर्ड

687. श्री विनोद लखमशी चावड़ा:

श्री भोजराज नाग:

श्री गोपाल जी ठाकुर:

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल:

श्रीमती लवली आनंद:

श्री आलोक शर्मा:

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) डैशबोर्ड के माध्यम से योजनाओं की आवधिक रिपोर्टिंग की निगरानी को वास्तविक समय आधारित शासन और परिणाम आधारित निर्णय लेने की प्रक्रिया से बदलने के प्रभाव का आकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) दिशा डैशबोर्ड के अंतर्गत कितने राज्यों और जिलों को शामिल किया गया है और दरभंगा जिले का ब्यौरा क्या है;

(घ) सुधारात्मक कार्रवाई शुरू करने के उद्देश्य से डैशबोर्ड द्वारा जारी किए गए वास्तविक समय के अद्यतन और अलर्ट की आवृत्ति कितनी है;

(ङ) डैशबोर्ड से प्राप्त सूचना के आधार पर कितनी बार सुधारात्मक कार्रवाई अथवा हस्तक्षेप किए गए हैं;

(च) क्या सरकार ने डैशबोर्ड एकीकरण के परिणामस्वरूप सेवा प्रदायगी संबंधी मानदंडों में कोई मापने योग्य सुधार देखा है; और

(छ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

ग्रामीण विकास राज्य मंत्री

(श्री कमलेश पासवान)

(क) और (ख): वर्ष 2016 में गठित जिला विकास समन्वय और निगरानी समितियों (दिशा) की निगरानी प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए , अक्तूबर 2017 में दिशा डैशबोर्ड को शुरू किया

गया था। यह डैशबोर्ड विभिन्न मंत्रालयों द्वारा प्रशासित और राज्यों/जिलों/ब्लॉक आदि में कार्यान्वित की जाने वाली केंद्र सरकार की योजनाओं/कार्यक्रमों से संबंधित जानकारी के लिए एक केंद्रीकृत मंच के रूप में कार्य करता है। दिशा डैशबोर्ड संसद सदस्यों और राज्य और जिला अधिकारियों को लगभग तत्काल जानकारी प्रदान करके जिला स्तर पर विकास योजनाओं की निगरानी, समीक्षा और समन्वय को सुविधाजनक बनाता है।

दिशा डैशबोर्ड हितधारकों, राज्य और जिला स्तर की दिशा समितियों को योजनाओं के कार्यान्वयन में प्रगति की जानकारी प्राप्त करने के लिए डाटा , ग्राफ और समय श्रृंखला डाटा के माध्यम से उपयोगकर्ता -अनुकूल इंटरफेस प्रदान करता है। दिशा डैशबोर्ड योजना के कवरेज, वित्तीय प्रगति और वास्तविक परिणामों के संबंध में अद्यतन जानकारी प्रदान करके दिशा बैठकों के दौरान साक्ष्य-आधारित चर्चाओं में सहायता करता है। डैशबोर्ड में "मीटिंग रिपोर्टिंग मॉड्यूल" भी शामिल है जो बैठक सूचना , कार्यसूची, बैठकों के कार्यवृत्त और की गई कार्रवाई रिपोर्ट अपलोड करने की सुविधा प्रदान करता है , जिससे संरचित अनुवर्ती कार्रवाई और जवाबदेही सुनिश्चित होती है।

(ग): देश भर के 776 जिलों को शामिल करते हुए सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में दिशा समितियां गठित की गई हैं। दिशा डैशबोर्ड 35 मंत्रालयों/विभागों की 101 योजनाओं को एकीकृत करता है, जिस पर राज्य/जिला/ब्लॉक/ग्राम-पंचायत/ग्राम स्तरों पर योजना संबंधी जानकारी उपलब्ध होती है, यह संबंधित मंत्रालयों से डेटा की उपलब्धता पर निर्भर करता है , जो प्राय: दैनिक/साप्ताहिक/मासिक/त्रैमासिक आधार पर डैशबोर्ड पर अपडेट किया जाता है। दिशा डैशबोर्ड में उपलब्ध जानकारी/डेटा देश भर में दिशा समितियों की बैठकों में केंद्रीय सरकारी योजनाओं की प्रभावी निगरानी और समीक्षा हेतु उपयोग किए जाने के लिए है।

बिहार के दरभंगा जिले में कार्यान्वित की जा रही केंद्र सरकार की योजनाओं/कार्यक्रमों से संबंधित डेटा दिशा समिति की बैठकों में माननीय संसद सदस्य द्वारा समीक्षा के लिए डैशबोर्ड पर उपलब्ध है।

(घ) और (ङ): दिशा डैशबोर्ड संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों के प्रबंधन सूचना प्रणालियों (MIS) से प्राप्त लगभग तत्काल या नियमित रूप से अद्यतन किए गए डेटा को दर्शाता है। यह डैशबोर्ड आवधिक अलर्ट या अपवाद रिपोर्ट तैयार नहीं करता। यद्यपि , यह योजनाओं के प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों के संबंध में निरंतर अद्यतन जानकारी प्रदान करता है , बाधाओं, विलंब, कमियों आदि की पहचान करने और जहां कहीं भी आवश्यक हो , सुधारात्मक कार्रवाई करने की सुविधा प्रदान करता है।

(च) और (छ): दिशा डैशबोर्ड के माध्यम से योजना के डेटा का एकीकरण केंद्र सरकार की योजनाओं/कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में पारदर्शिता बढ़ाता है और लक्ष्यों , उपलब्धियों और व्यय की स्थिति सहित वास्तविक और वित्तीय प्रगति की प्रभावी निगरानी को सक्षम बनाता है। ऐतिहासिक डेटा और प्रवृत्ति विश्लेषण तक पहुंच प्रदान करके , यह कार्य निष्पादन की स्थिति का पता लगाने और हस्तक्षेप की आवश्यकता वाले क्षेत्रों को उजागर करने में मदद करता है, साथ ही अंतर-विभागीय समन्वय में सुधार और जिला-स्तरीय निगरानी को मजबूत करता है। यह डैशबोर्ड दिशा बैठकों के दौरान अधिक केंद्रित चर्चाओं , की गई कार्रवाई रिपोर्ट के माध्यम से बेहतर अनुवर्ती कार्रवाई और निधि उपयोग और सेवा प्रदायगी से संबंधित मुद्दों का समय पर समाधान करने में सहायता करता है।

*****